खास बातें

- दीपावली पर बाजारों में बढ़ी भीड़, यातायात पुलिस ने की कार्रवाई
- निकले भव्य चल समारोह, फूटी मटकियां
- कोचिंग और स्कूलों के आसपास मनमानी करने वाले युवकों पर भी कार्रवाई की जरूरत

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 7 नवम्बर, दीपावली के चलते शहर की सड़कों पर बढ़ी भीड़ और यातायात दबाव के बीच यातायात पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की. पुलिसकर्मियों ने वाहन रोककर कागजात और हेलमेट की जांच की. नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान बनाए गए, जबकि कुछ लोगों को समझाइश देकर छोड़ दिया गया.



शहर के बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारे दुकानें लगने से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है. भीड़भाड़ वाले मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बाधित होने के साथ दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है. ऐसे में सड़क पर अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग के खिलाफ भी कार्रवाई की जरूरत है.

ग्रामीण क्षेत्रों से पढ़ाई के लिए शहर आने वाले युवाओं के वाहनों की भी नियमित जांच की जा सकती है. पुलिस सादे कपड़ों में निगरानी कर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की पहचान करे और अभिभावकों को भी सूचना दे. यातायात नियमों का पालन कराने के साथ असामाजिक गतिविधियों पर समय रहते लगाम लगाना जरूरी है, ताकि कोई अप्रिय घटना होने से पहले ही स्थिति नियंत्रित की जा सके.

नशे में तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों पर हो सख्ती

शहर में कुछ वाहन चालक नशे की हालत में तेज रफ्तार से वाहन चलाते नजर आते हैं. ऐसे चालकों की जांच कर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है. मुख्य सड़कों के साथ गली-मोहल्लों में भी तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की शिकायतें सामने आती रहती हैं.कोचिंग संस्थानों, स्कूल और कॉलेजों के आसपास भी कुछ युवकों की गतिविधियों पर निगरानी की जरूरत है. छात्राओं के आने-जाने के समय कुछ युवक तेज आवाज में वाहन चलाने और उनके आगे-पीछे वाहन दौड़ाने जैसी हरकतें करते दिखाई देते हैं. पुलिस को इन क्षेत्रों में नियमित गश्त के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए.

जय स्तंभ चौक तक सीमित न रहे यातायात कार्रवाई, गली-मोहल्लों में भी हो सख्ती

यातायात पुलिस द्वारा जय स्तंभ चौक सहित प्रमुख मार्गों पर वाहनों की जांच और चालानी कार्रवाई की जा रही है, लेकिन इसका दायरा शहर के अन्य चौक-चौराहों, गली-मोहल्लों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों तक बढ़ाने की जरूरत है. नियमित जांच से यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ नियमों की अनदेखी करने वालों पर भी अंकुश लगाया जा सकता है.बरेठ रोड क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वाले युवकों की गतिविधियों को लेकर भी नागरिकों में चिंता है. क्षेत्र में आए दिन विवाद और मारपीट की घटनाएं होने की बात सामने आती रहती है. लग्जरी वाहनों में घूमने वाले कुछ युवकों द्वारा सड़क पर तेज रफ्तार और हुड़दंग किए जाने की शिकायतें भी हैं. पुलिस को ऐसे मामलों में वाहन चालकों की जांच के साथ उनके गतिविधियों पर भी नजर रखनी चाहिए.शहर में अमन-शांति कायम रखने के लिए पुलिस को केवल यातायात नियमों के उल्लंघन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियां करने वालों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए. खासकर स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों और प्रमुख बाजार क्षेत्रों के आसपास नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने से मनमानी करने वालों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है.

नवभारत न्यूज

- पांच हाईमास्क लाइटों का लोकार्पण
- तीन प्रमुख चौराहों और सब्जी मंडी में लगाई गई लाइटें

सिरोंज 7 नवम्बर, पांच दिवसीय दीपोत्सव की पूर्व संध्या पर शहरवासियों को पांच नई हाईमास्क लाइटों की सौगात मिली है। गुरुवार रात विधायक उमाकांत शर्मा ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शहर के पांच स्थानों पर करीब 16.27 लाख रुपए की लागत से स्थापित 40 फीट ऊंची हाईमास्क लाइटों का रोहिलपुरा चौराहे पर स्विच दबाकर लोकार्पण किया.

इन लाइटों में रोहिलपुरा चौराहा, वलेजा पंप चौराहा, पंचकुइयां स्थित गंगेश्वर-जमनेश्वर मंदिर तिराहा तथा बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी परिसर में लगाई गईं दो हाईमास्क लाइटें शामिल हैं। नई हाईमास्क लाइटें शुरू होने से शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी। इससे रात के समय आवागमन करने वाले नागरिकों को सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था को भी मदद मिलेगी। वहीं, सब्जी मंडी परिसर में पर्याप्त रोशनी होने से देर रात तक कारोबार करने वाले छोटे सब्जी व्यापारियों को भी राहत मिलेगी.



विधायक ने यातायात नियमों के पालन की अपील की

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने विगत दिनों शहर और आसपास के क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दिवंगत लोगों के प्रति दुख व्यक्त किया। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की। साथ ही शहर के प्रमुख मार्गों पर स्थायी और अस्थायी रूप से फैले अतिक्रमण पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा और वाहनों के व्यवस्थित आवागमन के लिए प्रशासन को वैधानिक कार्रवाई करना चाहिए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, सीएमओ रामप्रकाश साहू सहित जनप्रतिनिधि, नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

स्वामित्व योजना की धीमी वेबसाइट बनी रजिस्ट्री में बाधा

नवभारत न्यूज

पठारी। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के परिवारों को उनकी आवासीय भूमि का कानूनी अधिकार दिलाने के उद्देश्य से संचालित स्वामित्व योजना की निशुल्क रजिस्ट्री प्रक्रिया इन दिनों धीमी गति से चल रही है. ऑनलाइन पोर्टल की सुस्त रफ्तार के कारण रजिस्ट्री कार्य प्रभावित हो रहा है. स्थिति यह है कि एक घंटे में महज एक हितग्राही की रजिस्ट्री हो पा रही है, जिससे पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिलने में देरी हो रही है.जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में करीब 1540 परिवारों को स्वामित्व योजना के तहत लाभ दिया जाना है, लेकिन अब तक केवल 190 नागरिकों की ही रजिस्ट्री हो सकी है. वेबसाइट की तकनीकी समस्या के चलते ऑनलाइन दस्तावेज तैयार करने और प्रक्रिया पूरी करने में अधिक समय लग रहा है. इससे रजिस्ट्री के लिए पहुंच रहे लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है.रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने के लिए एसडीएम मोतीलाल अहिरवार और तहसीलदार प्रेमलता पाल लगातार निगरानी कर रहे हैं. पटवारी हेमराज राजपूत और कोटवार हरि सिंह पवार भी हितग्राहियों की प्रक्रिया पूरी कराने में जुटे हैं. अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सके. योजना के तहत 1540 परिवारों को कानूनी स्वामित्व का अधिकार मिलना है, लेकिन अब तक लक्ष्य की तुलना में काफी कम रजिस्ट्रियां हो पाई हैं.



दीपावली की खरीदारी को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं खरीदने पहुंचीं युवतियां

नवभारत न्यूज

विदिशा। दीपावली का पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है. बाजारों में सजावटी सामग्री, दीपक, पूजन सामग्री और लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाओं की दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं. गुरुवार को बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ नजर आई. इस दौरान युवतियां भी दीपावली पूजन के लिए लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं खरीदती दिखाई दीं. दुकानों पर प्रतिमाओं के विभिन्न आकार और आकर्षक रंगों के विकल्प उपलब्ध हैं. त्योहार को लेकर बाजार में उत्साह का माहौल है और दुकानदारों को अच्छी बिक्री की उम्मीद है.

दीपावली पर विधायक टंडन ने किया क्षेत्र का भ्रमण, व्यापारियों और नागरिकों से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

गुलाबगंज। दीपावली पर्व पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने क्षेत्र के विभिन्न कस्बों और बाजारों का भ्रमण कर व्यापारियों, दुकानदारों और नागरिकों से मुलाकात की तथा उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की.

विधायक टंडन ने दोपहर 12 बजे गुलाबगंज से भ्रमण की शुरुआत की. इसके बाद 1:30 बजे ठर्र, 2 बजे अहमदपुर कस्बा (लक्ष्मी नगर) और 3 बजे हासुआ पहुंचकर स्थानीय लोगों से संवाद किया. इस दौरान उन्होंने बाजारों में व्यापारियों से चर्चा कर दीपावली की खुशियां साझा कीं.



भ्रमण के दौरान विधायक का विभिन्न स्थानों पर आत्मीय स्वागत किया गया. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष बृजेश लोधी, मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कांग, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, पूर्व जनपद अध्यक्ष छत्रपाल शर्मा, जनपद सदस्य सचिन यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष रामराज दांगी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, व्यापारी और नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे.

एमीनेन्ट स्कूल में 112 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

नवभारत न्यूज

विदिशा। एमीनेन्ट हाइट्स पब्लिक स्कूल में 5 नवंबर को मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इसमें वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 112 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएटीआई के इलेक्ट्रॉनिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष दातार एवं साइबर सिक्योरिटी विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पा दातार उपस्थित रहे. विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंजीनियर मनीष सिंघई, समिति सदस्य चिदेश बड़कुल, संचालक इंजीनियर सुमित अग्रवाल एवं श्रीमती स्मिता अग्रवाल भी मंचासीन रहे.समारोह में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया. अतिथियों ने विद्यार्थियों की मेहनत और सफलता की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया.विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा और परिश्रम को प्रोत्साहित करना तथा अन्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है. कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्टाफ सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे.

हड़ताल खत्म होते ही नगर पालिका ने संभाली सफाई व्यवस्था, सड़कों से उठाया कचरा

- माधवगंज, तिलक चौक, तलैया मोहल्ला और बाल विहार सहित कई क्षेत्रों में चलाया सफाई अभियान
- त्योहार पर लोगों को मिली राहत

नवभारत न्यूज

विदिशा। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते पिछले कई दिनों से शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित थी. मुख्य सड़कों से लेकर बाजारों और कॉलोनियों तक जगह-जगह कचरे के ढेर जमा हो गए थे. दीपावली के त्योहार के बीच गंदगी के कारण नागरिकों के साथ बाजार में खरीदारी करने पहुंच रहे लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था.



हड़ताल समाप्त होने के बाद नगर पालिका ने सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है. इसके तहत शहर के माधवगंज, तिलक चौक, तलैया मोहल्ला, बाल विहार सहित अन्य क्षेत्रों में सफाई कराकर सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा कचरा उठवाया गया. सफाई वाहनों के माध्यम से कचरे का परिवहन भी कराया गया.त्योहारी सीजन को देखते हुए नगर पालिका द्वारा प्रमुख बाजारों, व्यस्त मार्गों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. कई दिनों से जमा कचरे के ढेर हटने से नागरिकों ने राहत महसूस की है.हालांकि, हड़ताल के बाद सफाई अभियान शुरू होने से तत्काल राहत जरूर मिली है, लेकिन शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नियमित सफाई जरूरी है. अब देखना होगा कि नगर पालिका सफाई व्यवस्था को कितनी निरंतरता के साथ बनाए रख पाती है.

जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान लापरवाही का आरोप

अल्कराज क्वार्टर

- जच्चा-बच्चा की हालत गंभीर
- परिजनों ने नर्सिंग स्टाफ पर लगाए अभद्र व्यवहार और गंभीर लापरवाही के आरोप
- बच्चेदानी बाहर आने के बाद मेडिकल कॉलेज किया रेफर; दोनों आईसीयू में भर्ती

नवभारत न्यूज

विदिशा। शासकीय जिला चिकित्सालय में प्रसव के दौरान कथित लापरवाही का मामला सामने आया है. प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची एक गर्भवती महिला के परिजनों ने नर्सिंग स्टाफ पर गंभीर लापरवाही और अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए हैं. घटना के बाद जच्चा और बच्चा दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है. फिलहाल दोनों को मेडिकल कॉलेज में आईसीयू में भर्ती कराया गया है.

परिजनों के अनुसार, पालकी नारोट निवासी निकिता पत्नी रवि प्रजापति को प्रसव पीड़ा होने पर गुरुवार शाम करीब 6 बजे शासकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था. रात करीब 2 बजे प्रसव पीड़ा बढ़ने पर डिलीवरी कराई गई. परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान बच्चेदानी बाहर आ गई. इसके बाद कथित तौर पर अस्पताल कर्मचारियों ने हाथ से बच्चेदानी को अंदर किया और महिला की गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया.

परिजनों का कहना है कि प्रसव के दौरान उचित चिकित्सा प्रबंधन नहीं होने और कर्मचारियों के कथित व्यवहार के कारण महिला और नवजात की जान खतरे में पड़ गई. दोनों को मेडिकल कॉलेज में आईसीयू में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है.



अस्पताल प्रबंधन की जवाबदेही पर सवाल

इस घटना ने जिला अस्पताल की प्रसव व्यवस्था और मरीजों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं. सवाल यह है कि प्रसव के दौरान ऐसी गंभीर स्थिति किन परिस्थितियों में बनी? क्या समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई थी? परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच और उपचार के दौरान अपनाई गई प्रक्रिया की समीक्षा जरूरी है. अब देखना होगा कि अस्पताल प्रबंधन इस मामले में क्या कदम उठाता है और जिम्मेदारी तय करने के लिए जांच कराई जाती है या नहीं.

तीन माह से उचित मूल्य दुकानदारों को नहीं मिला कमीशन, दीपावली पर भी भुगतान का इंतजार

नवभारत न्यूज

विदिशा। जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों का संचालन करने वाले दुकानदारों को पिछले तीन माह से कमीशन राशि का भुगतान नहीं हुआ है. अगस्त, सितंबर और अक्टूबर की राशि बकाया होने से दुकानदार आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं. दीपावली जैसे त्योहार पर भी भुगतान नहीं होने से उनकी चिंता बढ़ गई है.

दुकानदारों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि उन्हें प्रति क्विंटल 90 रुपए के हिसाब से कमीशन मिलता है. तीन माह से भुगतान नहीं होने के कारण राशन वितरण में लगे कर्मचारियों का वेतन और दुकानों के अन्य खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है.

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सत्यपाल सिंह जादौन ने बताया कि जिले में नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कुल 638 उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं. अगस्त और सितंबर माह का बजट प्राप्त हो चुका है. ट्रेजरी सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दुकानदारों के खातों में राशि पहुंच जाएगी. अक्टूबर माह के बिल अभी प्रस्तुत नहीं हुए हैं. उन्होंने करीब सात दिन में दो माह का भुगतान होने की उम्मीद जताई.

जादौन के अनुसार नगरीय क्षेत्र में 90 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन निर्धारित है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में प्रति दुकान एक हजार रुपए दिए जाते हैं. नई जिला आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव ने गुरुवार को कार्यभार संभाला है. अब दुकानदारों को बकाया भुगतान का इंतजार है.

सफाई कर्मचारियों के आंदोलन को कांग्रेस का समर्थन, धरना स्थल पहुंचे कांग्रेस नेता

नवभारत न्यूज

विदिशा। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नीमताल स्थित गांधी प्रतिमा के सामने धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों के आंदोलन को जिला कांग्रेस ने समर्थन दिया है. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने धरना स्थल पहुंचकर कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उनकी मांगों को जायज बताते हुए प्रदेश सरकार से तत्काल निराकरण की मांग की.

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं. वे दिन-रात मेहनत कर शहर को साफ-सुथरा रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन अपने अधिकारों और मांगों के लिए उन्हें धरने पर बैठना पड़ रहा है. यह सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है.उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द निराकरण होना चाहिए.

तहसीलदार ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

विदिशा। स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को संपत्ति का वैधानिक मालिकाना हक दिलाने के लिए रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य जारी है. शनिवार को शमशाबाद तहसीलदार संजय चौरसिया ने ग्राम पंचायत अमरपुरा पहुंचकर योजना के कार्यों का निरीक्षण किया. यहां कुल 29 स्वामित्व रजिस्ट्रियां तैयार की जानी थीं, जिनमें से 28 रजिस्ट्रियां पूर्ण हो चुकी हैं. शेष एक प्रकरण संबंधित व्यक्ति की मृत्यु के कारण लंबित है. तहसीलदार ने राजस्व अमले से प्रगति की जानकारी लेकर नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शेष रजिस्ट्री तैयार कराने के निर्देश दिए.

आचार्य विद्या वैली स्कूल में दीपावली की रौनक, दीया और रंगोली प्रतियोगिताओं में दिखी बच्चों की रचनात्मकता

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा। आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के अवसर पर दीया मेकिंग, ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, थाली सजाओ और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया. आकर्षक रंगों, सुंदर कलाकृतियों और पारंपरिक सजावट से स्कूल परिसर दीपावली के रंग में रंगा नजर आया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद नीलू मणि अहिरवार उपस्थित रहीं. विशेष अतिथि श्रीमती जायसवाल एवं श्रीमती जैन ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया. उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक दीयों, शुभकामना कार्ड, सजी हुई थालियों और रंग-बिरंगी रंगोलियों की सराहना की.

विद्यालय के डायरेक्टर प्रणय जैन, पंकज जैन, अशोक जैन एवं सतेन्द्र सिंह राजपूत तथा प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना ने विद्यार्थियों की रचनात्मक पहल की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में कल्पनाशीलता, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति जुड़ाव बढ़ाती हैं. कार्यक्रम में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

अव्यवस्था छह साल से चल रहा जागरूकता अभियान भी नहीं बदल पाया लोगों की मानसिकता, नदी में मिले पर्दे, सूटकेस और बड़ी-बड़ी सीनरी

पूजन सामग्री से लेकर घरेलू कचरे तक का ठिकाना बनी मां बेतवा, आखिर कब समझेंगे अपनी जिम्मेदारी?

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा। जिस बेतवा नदी को लोग श्रद्धा से मां कहते हैं, उसी की गोद अब पूजन सामग्री से लेकर घरेलू कचरे तक का ठिकाना बनती जा रही है. छह वर्षों से लगातार चल रहे जागरूकता अभियान और नदी स्वच्छता की अपीलों के बावजूद लोगों की मानसिकता बदलती नजर नहीं आ रही. बेतवा में अब घरों से निकलने वाला कचरा ही नहीं, बल्कि पर्दे, सूटकेस और बड़ी-बड़ी सीनरी तक फेंकी जा रही हैं.



रविवार को श्रमदान दल गंजबासौदा के साप्ताहिक श्रमदान अभियान 6.0 का छठा चरण रिपटा घाट पर हुआ. सदस्यों ने नदी तट और घाट परिसर में फैली गंदगी एकत्रित कर सफाई की. एक ओर कुछ लोग हर सप्ताह नदी को स्वच्छ रखने के लिए अपना समय और श्रम दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लोगों द्वारा फेंका गया कचरा इन प्रयासों पर सवाल खड़े कर रहा है.

सवाल यह है कि जिस नदी को मां कहकर पूजा जाता है, उसी में घर का कचरा फेंकना कैसी आस्था है? आखिर कब तक जागरूक नागरिक दूसरों की फैलाई गंदगी साफ करते रहेंगे? छह साल के जागरूकता अभियानों के बाद भी यदि नदी में कचरा पहुंच रहा है तो केवल सफाई नहीं, बल्कि कचरा फेंकने वालों की पहचान और कार्रवाई भी जरूरी है. श्रमदान के छठे चरण में रुद्रांश सिंह, दीपेश शर्मा, दिनेश चौरसिया (भारतीय रेल), संस्कार अग्रवाल, शरद ओझा और आकाश जैन ने सहभागिता की. श्रमदान दल का कहना है कि केवल नदी किनारे सफाई करने से बेतवा स्वच्छ नहीं होगी. इसके लिए कचरा नदी में डालने की प्रवृत्ति पर रोक और प्रत्येक नागरिक में जिम्मेदारी का भाव जरूरी है.नदी को गंदा करने वाले हाथ यदि हमारे हैं, तो उसे स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी से हम बच कैसे सकते हैं?